## एक नजर में

### जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई



**महिदपुर।** उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा प्रेस एवं डेडलिफ्ट स्पर्धा 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर, उज्जैन में किया गया। जिसमें महिपुर नगर के फिटनेस प्वाइंट जिम के खिलाड़ियों ने भाग लिया 174 से 83 वेट कैटिगरी में और मित्रों सहित परिवार जनों ने सभी के लिए हर्ष की बात कही, सभी ने उन्हें बधाई प्रेषित की। उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन, स्तरीय क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग, स्क्वॉट, वेंच प्रेस एवं डेड लिपट स्पर्धा–2025 उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन वा स्तरीय क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग, स्वॉट, वेंच प्रेस एवं डेड विष्ट स्पर्धा–2025 आयोजित 27वीं जिला स्तरीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग, बेंच स्ट्रांग मेन, वूमेन, बेस्ट लिफ्टर चैंपियनशिप वर्ग का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें, लखन शर्मा सिल्वर, गौरव महीना सिल्वर, जगप्रीत सिंह दुआ सिल्वर, अरशान अली ब्रास सभी ने एक मिसाल कायम की। इन सभी को ईष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की।

### 350 से अधिक शिक्षकों और 60 से ज्यादा विद्यार्थियों का किया सम्मान



**माकड़ोन।** क्षत्रिय नवनिर्माण सेवा समिति मध्य प्रदेश के तत्वाधान में दहेज विरोधी क्षत्रिय संगठन एवं श्री राजपूत सर्वोत्तम संस्थान संयुक्त संगठन के माध्यम से दो दिवसीय कार्यक्रम मां आशापुरा गार्डन ड़ेलची माकड़ोन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रणथंबोर गणेश जी के आशीर्वाद से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजा जमनिया, प्रती का सिंह बिहार, कुंवर मनजीत सिंह हरदा, राजेंद्र सिंह मारवाड़ जोधपुर, विजेंद्र सिंह कड़ोदिया, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह पवार, वीरेंद्र सिंह नौगांव महाराज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में 350 शिक्षकों, 60 से 70 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। संचालन दिग्विजय सिंह चौहान प्राचार्य ने किया और आभार प्रदेश अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान और मंगल सिंह चौहान ने किया।

### दूध के दाम बढ़े, आमजन में आक्रोश, राहत के उपाय जल्द

**माकड़ोन।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दूध के दामों में अचानक 10 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला दूध अब आम परिवारों की जेब पर भारी पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि महंगाई पहले ही चरम पर है। ऐसे में दूध जैसी बुनियादी ज़रूरत की चीज़ का दाम बढ़ना परिवार की आर्थिक स्थिति को और प्रभावित करेगा। छात्र-छात्राओं से लेकर रोज़ कमाने-खाने वाले परिवार तक, सभी इस बोझ से परेशान हैं। इधर, सरकार और डेयरी प्रबंधन पर दबाव बढ़ने लगा है। सूत्रों के अनुसार उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए दूध की बढ़ी कीमतों की समीक्षा की जा रही है। राहत देने के लिए वैकल्पिक कदमों पर भी विचार चल रहा है, ताकि आम जनता को सहूलियत मिल सके। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि दूध जैसी आवश्यक वस्तु के दामों को नियंत्रित करना ज़रूरी है, वरना इसका असर बच्चों के पोषण से लेकर मध्यम वर्गीय परिवारों के बजट तक पर पड़ सकता है। उम्मीद की जा रही है कि सरकार और संबंधित एजेंसियां जल्द ही ठोस कदम उठाकर जनता को राहत प्रदान करेंगी।

### अभा संजा लोकोत्सव में हुई संजा-मांडना स्पर्धा

**स्कूली विद्यार्थियों ने उकेरी संजा, संजा के गीत भी गाए**



**उज्जैन।** प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, संस्कृति संचालनालय मप्र, आई सी सी आर नई दिल्ली, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति एवं विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से मालवा की विलुप्त होती लोक कला परम्पराओं के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य आयोजित 8 दिवसीय अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव के तृतीय दिवस सांई सनातन विद्यालय इंदौर रोड पर संजा और मंडाना बनाने की प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे आयोजित की गई। संजा और मांडना प्रतियोगिता प्रभारी प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि संजा लोकोत्सव के तृतीय दिवस सांई सनातन विद्यालय इंदौर रोड पर संजा और मांडना बनाने की प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें लगभग 150 छात्राओं ने संजा की सुंदर-सुंदर आकृतियों को उकेरा एवं पारंपरिक कलर खड़िया और गेहरू से मांडने भी बनाए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के अनुभव को मंच पर साझा करते हुए संजा के गीत भी गाए। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में संजा और मांडना कला विशेषज्ञ शीला व्यास, डॉ. मधु पुरोहित ट्रस्टी प्रशांति धाम, शिवा नायर सचिन सत्य सांई सनातन विद्यालय, डॉ शिव चौरसिया मालवी साहित्यकार, प्रीति जादौन प्राचार्य, कुमार किशन सचिव प्रतिकल्पा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन आयाचित ने एवं आभार संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल का स्टॉफ, प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के कलाकार एवं एम आई टी कालेज के स्टूडेंट बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में संजा अ वर्ग हर्षिता चौधरी प्रथम, वैष्णवी शर्मा द्वितीय, हरिप्रिया चड़ार तृतीय, ब वर्ग में आयुषी मेवाड़ा प्रथम, भूमि बेतवाल द्वितीय, निकिता पोरवाल तृतीय, मांडना प्रतियोगिता में आस्था अग्रवाल प्रथम, निकिता मकवाना द्वितीय, नेहा पोरवाल तृतीय रहे।

## गाय की, धर्म की रक्षा कैसे की जाए इस पर विचार करना होगा : धन्वंतरिदास महाराज

**एक राम शब्द जीवन में उतर जाए तो कल्याण निश्चित है**

**श्रीमद् भागवत कथा में मनाया राम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म नंद महोत्सव**



**उज्जैन।** हम कितनी भी उन्नति कर लें, मॉर्डन इंडिया बना लें, इस उन्नति और दिखावे को ओढ़ोगे के बिछाओगे, पंजाब में हिमाचल, जम्मू कश्मीर में क्या स्थिति है, अति का यह प्रमाण है, हम और आप अपने जीवन में बदलाव नहीं लाएंगे तो यह प्रकृति अपना रूप दिखाएगी। धरती माता पर जहां जहां अधर्म की मात्रा बड़ेगी वहां धरती अपना रूप दिखा देगी। संसार के संसाधनों में डूबने की बजाय गाय की, धर्म की रक्षा कैसे की जाए इस पर विचार करना होगा। भारत जैसे देश में जहां गाय पूजी जाती है वहां गाय कट रही है, इसका परिणाम कहा जाएगा, झेलना तो हमको ही पड़ेगा। सामर्थ्य का सदुपयोग करें, गाय की रक्षा करें, गाय की रक्षा कर ली तो किसी देवता की रक्षा के लिए आगे नहीं आना पड़ेगा। गाय में सभी देवताओं का वास है।

यह बात श्रीमद्भागवत के चतुर्थ दिवस की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे श्री धन्वंतरी दासजी महाराज ने श्रीमद् भागवत में कही। श्री रामजी के जन्म की कथा सुनाते हुए महाराजश्री ने कहा कि एक राम शब्द जीवन में उतर जाए तो कल्याण निश्चित है। श्री कृष्ण के दिव्य जन्मोत्सव पर कथा का विश्राम किया। सभी भक्तों की खूब बधाइयों का भरपूर आनंद लिया सब आनंद में झूम उठे। कथा में निर्मोही अखाड़े के महंत श्री चरण दासजी और झाड़िया निर्मोही के संत भी पधारे। श्रीमद्भगवत कथा के आयोजक हर्ष जायसवाल ने बताया कि जायसवाल परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन महाराजश्री ने प्रियव्रत चरित्र, जड़ भरत चरित्र, वामन अवतार की कथा सुनाई। वहीं राम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म नंद महोत्सव मनाया गया। श्री धन्वंतरी दासजी महाराज ने कथा में कहा अच्छा ड्रायवर हो तो पुरानी गाड़ी भी ठीक से चलाता है, और ड्रायवर अच्छा नहीं हो तो सब बिगाड़ देता है, जो जानता है शरीर को चलाना, वह शरीर की कीमत समझता है। जीर्ण शीर्ण बुढ़ापे में भी काम निकाल लेता है और जो कीमत नहीं समझता वह युवा अवस्था में ही अपनी आंखों के सामने, अपने ही द्वारा अपने हाथों से अपने शरीर को नष्ट कर देता है। महाराजश्री ने कहा आज कल लोगों ने घर के आगे सुस्वागतम लिखना बंद कर दिया आजकल लिखा रहता है, कुत्तों से सावधान। कुत्ते के उपर दया करनी चाहिये लेकिन वो आपके संग सोये, रसोई में जावे, आपके साथ खावे ये शास्त्र सम्मत नहीं है। वर्षों से साधु संत कह रहे कुत्तों को घर से बाहर करो, लेकिन कोई नहीं माना। अब तो डॉक्टर कह रहे कुत्ते भीतर नहीं रहे, साधु संत वर्षों से कह रहे पर नहीं मानी, डाक्टर की मान रहे।

संतों की बात पर भी ध्यान देना चाहिये। श्री धन्वंतरी दासजी महाराज ने कथा में कहा संसार बड़ा स्वार्थी है जब तक इसके काम आओ पूछते हैं, काम आना बंद कर दो भूल जाते हैं। जो ये सोचते हैं हम नहीं होंगे तो ये नहीं होगा, हमारे बिना ये काम नहीं हो सकता, सब कोरा भ्रम है।

आज मर जाओ, अभी मर जाओ, कोई काम रूक जाये तो बताओ। तुम्हारे बिना कोई काम नहीं होगा ये सब तुम्हारा भ्रम है, सब काम होंगे हो सकता है तुम्हारे बिना और अच्छे से हों।

स्व. बृजलाल जायसवाल, स्व. प्रभादेवी जायसवाल, स्व. सुरेशचंद जायसवाल, स्व. कुसुम देवी जायसवाल, स्व. अशोक जायसवाल की स्मृति में हो रही श्रीमद् भागवत कथा हेतु श्री धाम वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक अनंत सम्पन्न सद्गुरूदेव, महंत मदन मोहन दास के कृपा पात्र शिष्य धन्वंतरि दास महाराज श्रीमद्भगवत कथा करने के लिए पहली बार उज्जैन पधारे है। 12 सितंबर तक प्रतिदिन यह श्रीमद्भगवत कथा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक महाकाल परिसर, हीरामिल रोड़, कोयला फाटक चौराहा पर चल रही है।

कथा के आयोजक हर्ष जायसवाल ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में में आज 10 सितम्बर को पूतना वध, श्रीकृष्ण बाल लीला, शकट भंजन तृणावर्त उद्धार कालिया मर्दन एवं गोवर्धन पूजा। 11 सितम्बर को श्रीकृष्ण रासलीला, अक्रूर आगमन कंस वध, गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह एवं फाग उत्सव और 12 सितम्बर शुक्रवार 2025 श्रीकृष्ण के अन्य विवाहों की कथा भौमासुर उद्धार, सुदामा चरित्र नव योगेश्वर संवाद, फूल फाग उत्सव, कथा विश्राम, पूर्णाहुति का आयोजन होगा।




## सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा गोद ली गई बालिकाओं को पाठ्य सामग्री वितरण की

**महिदपुर। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा महिदपुर सिटी द्वारा अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी की प्रेरणा से गोद ली गई पितृ विहीन बालिकाओं को स्कूल बैग कॉपी किताब टिफिन बोतल पाठ्य सामग्री वितरण की गई ।**

महिदपुर शाखा प्रभारी सोनू मेहता ने बताया कि गोद ली गई 3 बालिकाओं के पिता नहीं है एवं आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है बालिकाओं की माताजी मजदूरी करके अपने घर का खर्च वहन करती है इसलिए तीनों बालिकाओं को संस्था ने गोद लेकर भरण पोषण की जिम्मेदारी उठाई है। शादी होने तक हर जरूरी खर्च संस्था द्वारा उठाया जाएगा। कार्यक्रम में शाखा प्रभारी सोनू मेहता ,एडवोकेट रजनी गुलाटी, एडवोकेट नीतू जैन , प्रभा शर्मा, सरिता कालरा उपस्थित थी।

## कालिदास अकादमी में नवरंग डांडिया की प्रस्तुतियों के लिए अभ्यास प्रारंभ




**उज्जैन। बजेगी चंग, जमेगा रंग...नवरंग सांस्कृतिक संस्था द्वारा नवरात्रि के अवसर पर ...मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में गरबों की गमक, भांगड़े की धमक से जमेगा उत्सव धर्मियों का रंग।**

संस्था के अध्यक्ष मुकेश यादव एवं संयोजक अभय यादव ने बताया कि नवरंग संस्था द्वारा वर्ष 2009 से लगातार नवरंग सांस्कृतिक मंच द्वारा शानदार गरबा की प्रस्तुति कालिदास अकादमी के मंच पर की जा रही है। इस वर्ष निनाद कला नृत्य अकादमी की संचालिका प्रख्यात नृत्य निर्देशक पलक पटवर्धन के नेतृत्व में कालिदास अकादमी के परिसर में नवरंग डांडिया की प्रस्तुतियों के लिए अभ्यास प्रारंभ हो गया है।

इस वर्ष कलात्मक डांडिया के अंतर्गत छतरी नृत्य, अग्नि नृत्य, राजस्थानी, मालवी, हरियाणवी आदिवासी, स्टाइल के गरबो की धूम रहेगी...आकर्षक वेशभूषा एवं गीत संगीत की धुन पर कलाकार अपनी प्रस्तुति प्रदान करेंगे ..साथ ही उत्सव धर्मी भी अपने परिवार के साथ गरबो में झूम सकेंगे।

सचिव योगेश ठाकुर एवं गोविंद सोलंकी ने बताया कि नवरंग डांडिया की सफलता के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है जिसमें परामर्शदाता नारायण यादव रहेंगे। विभिन्न समितियों में प्रकाश यादव, आजाद ठाकुर, संजय दिवटे, शैलेंद्र शर्मा, नरेंद्र मालवीय, अभिमन्यु यादव, महेंद्र लोधी लिए गए हैं। सूत्रधार की भूमिका शैलेंद्र व्यास करेंगे।

नवरंग मंच पर प्रतिदिवस एकल एवं ग्रुप में शहर के कलाकारों को मंच प्रदान कर अभिनंदन किया जायेगा। नवरंग के मंच कलात्मक, कत्थक, मालवी नृत्य आकर्षक रहेंगे।

## वैज्ञानिक तकनीकी से बकरी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न






उज्जैन। केन्द्र द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के माध्यम से प्रायोजित प्रशिक्षण वैज्ञानिक तकनीकी से बकरी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 सितंबर से 10 सितंबर तक डॉ. जीजी गोस्वामी, पशु चिकित्सक, पशु स्वास्थ्य विभाग, उज्जैन, के मुख्य आथित्य में संपन्न किया.

कार्यक्रम का शुभांरभ मा सरस्वती के पूजन उपरांत मुख्य अथिति के सम्मान में डॉ. एके दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा पुष्प गुच्छ के साथ शाब्दिक उद्बोधन के माध्यम से स्वागत किया गया। इसके साथ ही केन्द्र के समस्त स्टाफ द्वारा अतिथि को स्वागतार्थ पुष्प गुच्छ भेंट कर अपना सानिध्य प्रकट किया गया।

कार्यक्रम के आगामी चरण में विगत तीन दिवसों में प्रतिभागियों को डॉ. रामरतन शाक्य पशु चिकित्सक, पशु स्वास्थ्य विभाग, घटिटया उज्जैन, डॉ रेखा तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रशिक्षण संयोजक एवं डॉ. एच.आर. जाटव प्रशिक्षण सह संयोजक डॉ. एस. के सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. आषीस बोबाडे वैज्ञानिक, डॉ. मौनी सिंह डॉ. सविता कुमारी, तकनीकी अधिकारी द्वारा समन्वय स्थापित कर विभिन्न विशेषज्ञों जैसे डॉ. के. शेरवानी उपसंचालक पशु चिकित्सक विभाग, उज्जैन डॉ दानवीर सिंह यादव, सहायक प्रोफेसर पशु चिकित्सा महाविद्यालय महू, डॉ. श्रीराम दधिचि वैज्ञानिक पशु पालन कृषि विज्ञान केन्द्र, इंदौर, डॉ. गोस्वामी, पशु चिकित्सक, पशु स्वास्थ्य विभाग, उज्जैन, बलराम बैरागी, प्रबंधक लीड बैंक के माध्यम से बकरी पालन के विभिन्न आयामों जैसे उन्नतशील नस्लें, शेड तैयार करना, पोषण आहार प्रबंधन, टीकाकरण, बीमारियों एवं रोकथाम साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी और कैसे व्यवसाय के रूप परिणित करने हेतु वित्तीय प्रावधान, अनुदान इत्यादि महत्वपूर्ण पहलूओं पर दी जाने वाली जानकारी से परिचित कराया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने प्रशिक्षण के अनुभवों से मंचासीन अतिथियों को अवगत कराया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हुये उत्साही प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्र में स्वरोजगार के रूप में निर्मित कर समन्वित खेती की मूल भावना के अंतर्गत कृषि को लाभकारी बनाने के संबंध में बहुमूल्य उद्गार व्यक्त किये गये तत्पश्चात् माननीय अतिथि द्वारा कुल 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर बधाई दी गयी।

जिसमें केन्द्र के समस्त वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी की गयी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में समूह फोटोग्राफी के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**एक नजर** अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में रहने वाले बहु दिव्यांग पर सेवा पर निर्भर, मंदबुद्धि, बोलने-चलने-फिरने में असमर्थ 52 वर्षीय मनमोहन गुप्ता की आंखें दान

## परिजनों ने दी सहमति, नेत्रदान से 4 दृष्टिहिनों को मिली ज्योति




**उज्जैन।** सुधीर भाई की प्रेरणा से दिल्ली से आए परिवारजनों ने अपनी सहमति दी और गौरव का अनुभव करते हुए कहा कि मनमोहन जिन्दगी भर घर, परिवार, समाज और राष्ट्र के काम नही आया उसे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुसार गार्ड ऑफ आनर का जो सम्मान मिला। वह हमारे परिवार के लिए अविस्मरणीय स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला इतिहास होगा। उक्त विचार भाई राजीव लोचन गुप्ता, बहन सुषमा अग्रवाल, भतिजे नितीन एवं मंयक ने व्यक्त किए।

9 सितम्बर को अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में रहने वाले बहु दिव्यांग पर सेवा पर निर्भर, मंदबुद्धि, बोलने-चलने-फिरने में असमर्थ 52 वर्षीय मनमोहन गुप्ता का निधन हुआ। मनमोहन को विपरित परिस्थितियों में 13 वर्ष तक सेवा का लाभ मिला, अनेक बार मृत्यु के आगोश में आकर भी वह लोट आया। निधन की सूचना परिवारजनों को दी गई, परिवारजनों ने अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने में असमर्थता व्यक्त की और मनमोहन का विद्युत संस्कार करने का कहा, आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने जब परिवार को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश में हमारे गृह नगर के स्वप्न दृष्टा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देहदानियों के लिए गार्ड ऑफ आनर के साथ अंतिम विदाई देने का निर्णय लिया है। उसी अनुसार हम मनमोहन को देहदान के बाद गार्ड ऑफ आनर दिलाना चाहते हैं। ताकि समाज के अन्य वर्गों को प्रेरणा मिले। इससे न केवल मनमोहन का जीवन सार्थक होगा अपितु मनमोहन का नाम अमर देहदानी के रूप में सदा के लिए स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। परिवार ने इस बात को समझा और सुधीर भाई को लिखित में स्वीकृति प्रदान करते हुए देहदान के समय उपस्थित होने का आश्वासन दिया। उसी अनुसार परिवार के सदस्यगणों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ आनर प्रदान किया गया। पुलिस विभाग की ओर से श्री सक्तावत थाना प्रभारी भैरवगढ़ ने पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान दिया।

देहदान पिपुल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल सांईसेस एण्ड रिसर्च सेंटर भोपाल को देने के पूर्व पूर्व गीता भवन न्यास बड़नगर के हरिकिशन मेलवानी के निर्देशन में डॉ. जी. एल. ददरवाल ने नेत्र उत्सर्जन किए जिससे 4 दृष्टिहिनों को ज्योति प्राप्त होगी।

देहदान सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन की ओर से आदर्श शर्मा तहसीलदार घट्टिया, थाना प्रभारी थाना भैरवगढ़ आर.एस. शक्तावत, जिला पुलिस लाईन उज्जैन सूबेदार निवेश मालवीय सहित पुलिस विभाग की टीम के साथ कांता भाभी, मोनिका दीदी, उद्योगपति सत्यनारायण अग्रवाल, संस्था चिकित्साधिकारी डॉ. सियाराम, डॉ. जीवन, चिकित्सा सहायक सुभाष प्रधान सहित बड़ी संख्या में आश्रम परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।